शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोटः- सराहनीय कार्य 06.06.2024

थाना तिलहर पुलिस को मिली बड़ी कामयावी,

अफीम व डोडा जैसे मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अभियुक्तगण को तिलहर पुलिस द्वारा मय कुल 500 ग्राम अफीम व 05 किग्रा0 पोस्ता छिलका (डोडा) तथा जामा तलाशी में बरामद कुल 360 रुपये के साथ किया गिरफ्तार

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्री मनोज कुमार अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं श्री प्रयांक जैन क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में तथा श्री विशाल प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तिलहर के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम ,अवैध शराब, चोरी , लूट , डकैती, गौ तस्कर व तलाश वांछित अपराधी व वारन्टी तथा बरामदगी अवैध शस्त्र व मादक पदार्थ के क्रम मे तिलहर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 01. कृपाल पुत्र दुर्गपाल निवासी ग्राम डहरपुर खुर्द थाना दातागंज जनपद बदायूँ 02. संतराम पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम कंजा चक्रपुर थाना भूता जनपद बरेली को मय कुल 500 ग्राम अफीम (अभियुक्त सन्तराम से बरामद) व 05 किग्रा0 पोस्ता छिलका डोडा (अभियुक्त कृपाल से बरामद) तथा जामा तलाशी में बरामद कुल 360 रुपये (150 रुपये कृपाल से तथा 210 रुपये सन्तराम से) के साथ आज दिनांक 06.06.2024 को सरयू पुलिया के नीचे तिलहर से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण कृपाल व सन्तराम उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार थाना हाजा पर मु0अ0सं0 338/24 धारा 8/15/18 NDPS ACT पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्त -

कृपाल पुत्र दुर्गपाल निवासी ग्राम डहरपुर खुर्द थाना दातागंज जनपद बदायूँ उम्र करीब 23 वर्ष
संतराम पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम कंजा चक्रपुर थाना भूता जनपद बरेली उम्र करीब 22 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग का विवरण –

मु0अ0सं0 338/24 धारा 8/15/18 NDPS ACT थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर बनाम कृपाल व सन्तराम उपरोक्त।

बरामदगी विवरणः-

कुल 500 ग्राम अफीम
कुल 05 किग्रा0 पोस्ता छिलका (डोडा)
जामा तलाशी में बरामद कुल 360 रुपये।

पूछताछ विवरण - अभियुक्तगण अभियुक्तगण 01. कृपाल पुत्र दुर्गपाल निवासी ग्राम डहरपुर खुर्द थाना दातागंज जनपद बदायूँ 02. संतराम पुत्र गुलाब सिंह निवासी ग्राम कंजा चक्रपुर थाना भूता जनपद बरेली ने पूछने पर एक साथ बताया कि साहब हमारे पास जो नशीला पदार्थ मिला है। इस माल को हम लोग जो किसान लाईसेंसी खेती करते हैं, उनसे थोडा थोडा ले लेकर इकट्ठा कर लेते हैं तथा उसके बाद थोडा थोडा करके अधिक दामो मे ढाबो व राहगीरो को ट्रक ड्राइवरो को बेच देते है। जिससे हमे अच्छी कमाई होती है। आज भी हम इस माल को बेचने निकले थे कि आप लोगो ने हमे पकड लिया। साहब हमसे गलती हो गयी। हमे माफ कर दीजिए।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

उ0नि0 श्री अनुज कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
रि0उ0नि0 मोहित कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर
का0 1802 नवीन कुमार कोतवाली तिलहर जनपद शाहजहाँपुर